दैनिक भास्कर | उदयपुर . मंगलवार, 23 अप्रैल, 2013

मेवाड़ की रॉल्स रॉयस पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन

197 पृष्ठों पर 261 रंगीन चित्रों में सजी रॉल्स रॉयस कार

उदयपुर | महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन उदयपुर के प्रबंध न्यासी अरविंद सिंह मेवाड़ के निर्देश पर लिखी पुस्तक 'द रॉयल उदयपुर आरआरजीएलके 21 क्लासिक ड्राइव फ्रॉम डर्बी टू उदयपुर टू पेबल बीच एंड... कंटीन्यूज' (कॉफी टेबल बुक) का सोमवार को सिटी पैलेस के शंभू निवास पैलेस में विमोचन हुआ। 197 पेजों एवं 261 रंगीन चित्रों के साथ प्रकाशित इस किताब में मेवाड़ घराने की ऐतिहासिक कारों, पेबल बीच में आयोजित समारोह के साथ विजेता कार की संपूर्ण यात्रा वृतांत दर्शाया गया है। पुस्तक में सामग्री संकलन विंटेज एंड क्लासिक कार कलेक्शन सिटी पैलेस के प्रबंधक अनु विक्रम सिंह करजाली ने किया है। सहयोग बॉब रूपानी एवं गौतम सेन ने किया है। पुस्तक का प्रकाशन महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट ने करवाया है। पुस्तक में विजेता विंटेज कार का प्रतियोगिता में जाने से पूर्व की स्थिति, यात्रा वृतांत आदि है।